**HIGH COURT OF JUDICATURE FOR RAJASTHAN**
**BENCH AT JAIPUR**

S.B. Criminal Miscellaneous (Petition) No. 2273/2026

Komal Giri Goswami Daughter Of Shri Ram Janam Giri,

----Petitioner

Versus

State Of Rajasthan

----Respondent

---

| | | |
|---|---|---|
| For Petitioner(s) | : | Mr. Sumer Singh Ola, Adv. |
| For Respondent(s) | : | Ms. Manju Dave, PP |

---

**HON'BLE MR. JUSTICE UMA SHANKER VYAS**

**Order**

**15/04/2026**

विद्वान अधिवक्ता याची–अभियुक्ता का निवेदन है कि उनका सभी पीडित/आहतगण से राजीनामा हो चुका है, राजीनामा की प्रति याचिका के साथ प्रस्तुत करते हुए निवेदन किया कि मामला अभी अनुसंधानाधीन है तथा अभी तक नतीजा प्रस्तुत नहीं हुआ है।

अभियुक्ता तथा पीडित/आहतगण को निर्देशित किया जाता है कि वे अनुसंधान अधिकारी के समक्ष उपस्थित होकर राजीनामा प्रस्तुत करें तथा अनुसंधान अधिकारी द्वारा राजीनामा सत्यापित करते हुए यह भी तथ्य उल्लेखित किया जावे कि उक्त राजीनामा अभियुक्ता व पीडित/आहतगण के बीच तस्दीक किया गया है।

विद्वान लोक अभियोजक को निर्देशित किया जाता है कि वे राजीनामा के संबंध में अनुसंधान अधिकारी से सत्यापन रिपोर्ट तलब कर आगामी तारीख पेशी पर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करें।

प्रकरण दो सप्ताह पश्चात् सूचीबद्ध किया जावे, तब तक याची को पुलिस थाना–श्याम नगर, जयपुर शहर (दक्षिण) की प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या–134/2026 में गिरफ्तार नहीं किया जावे।

(UMA SHANKER VYAS),J

DINESH KUMAWAT /71